कोटद्वार, शनिवार
12 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 74 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बारिश के अलर्ट के बाद प्रशासन भी सतर्क

पौड़ी। मौसम विभाग 14 जुलाई तक पौड़ी जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश के अलर्ट के बाद डीएम ने संबंधित महकमों को सतर्क रहने को कहा है। डीएम स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि हर स्तर पर सतर्कता रखते हुए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही आवाजाही को लेकर भी दिशा–निर्देश दिए हैं। कहा कि किसी भी आपदा से संबंधित घटना की सूचना कंट्रोल रूम को 8279982285 पर दी जा सकती है। जिले और तहसील स्तर पर नामित आईआरएस के अफसर व विभागीय नोडल पूरी तरह से अलर्ट रहे। लोनिवि , राष्ट्रीय राजमार्ग और पीएमजीएसवाई बंद सड़कों को युद्ध स्तर पर खोलना सुनिश्चित करेंगे और किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने व खोले जाने की जानकारी नियमित रूप से कंट्रोल रूम को देंगे। इसी के साथ राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों को भी क्षेत्रों में बने रहने को कहा गया। कहा है कि इस दौरान किसी का भी मोबाइल बंद न रहे। मुख्य शिक्षाधिकारी को बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूलों में भी विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। कहा कि जिला स्तरीय अफस बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

### जंगली सुअर ने महिला को किया गंभीर घायल

नई टिहरी। देवप्रयाग के तुंणगी गांव में घास लेने जंगल गई महिला पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। सुअर के हमले में महिला बुरी तरह से घायल हो गई। महिला ने भागकर अपनी जान बचाई। घायल महिला को सीएचसी बागी में उपचार के लिए लाया गया। जहां से महिला को श्रीनगर के लिए रेफर कर दिया गया। शुक्रवार सुबह तुंणगी गांव निवासी 63 वर्षीय जगदम्बा देवी पत्नी स्व जीत सिंह निकट के गदेरे में घास लेने गयी थी। यहां झाड़ियों में छिपे जंगली सुअर ने अचानक हमला कर महिला के हाथ और पैर को बुरी तरह काटकर गहरे घाव कर दिये। लहुलुहान जगदम्बा देवी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचायी। ग्रामीण बेसुध महिला को सीएचसी पाली ले गए। जहां महिला की स्थिति गंभीर देखते हुये चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे श्रीनगर बेस अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। तुंणगी गांव वासियों ने रेंजर एमएस रावत को ज्ञापन देकर जंगली सुअरों से उन्हें सुरक्षा दिये जाने व गरीब महिला जगदम्बा देवी को उचित मुआवजा देने की मांग की।

### श्रीनगर में गुलदार के हमले से दहशत में लोग

श्रीनगर गढ़वाल। पिछले दो दिनों में श्रीनगर–पौड़ी रोड स्थित गंगा दर्शन के समीप दो लोगों पर गुलदार के द्वारा हमला किये जाने की घटना ने श्रीनगर क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है। श्रीनगर क्षेत्र के आस पास के इलाकों में सुबह–शाम घूमने जाने वाले लोग अब उजाले के समय ही बाहर निकल रहे हैं। इसके अलावा बुजुर्ग और बच्चे गुलदार के डर के कारण घरों में जल्द पहुंच रहे हैं। नगर निगम प्रशासन ने जहां नगरवासियों से सतर्क रहते हुए संभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, पिंजरा लगाने की मांग की है। वहीं वन विभाग की टीम भी गुलदार पर नजर बनाये हुए है। दरअसल गंगा दर्शन मोड पर शाम के समय पौड़ी– श्रीनगर आने जाने वाले लोगों से गुलजार रहता है। यहां बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी श्रीनगर का दीदार, पार्क में घूमने और सूर्यास्त का नजारा देखने पहुंचते हैं। भीड़ के साथ–साथ कुछ लोग टहलते हुए पैदल पौड़ी रोड की तरफ निकल जाते हैं। यहां गुलदार दो दिन में दो हमले कर चुका है, जिससे श्रीनगर क्षेत्र में गुलदार का डर बना हुआ है।

### चार माह से नहीं मिला वेतन, कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

देहरादून। चार माह से वेतन ना मिलने से परेशान एमकेपी (पीजी) कालेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष हुकम सिंह ने बताया कि फरवरी के बाद से कालेज में वेतन नहीं मिला है। जिससे कर्मचारी और शिक्षक काफी परेशान हैं। मैनेजमेंट और शासन के बीच की लड़ाई से वेतन में दिक्कत आ रही है। कर्मचारियों को आर्थिक दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लगातार मांग के बावजूद इसमें कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

# कांवड़ मेले का आगाज



## एक लाख से अधिक कांवड़िए पहुंचे हरिद्वार

हरिद्वार। कांवड़ यात्रा के पहले दिन हरकी पैड़ी पर बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगाजल भरने पहुंचे। सुबह से ही हरकी पैड़ी और उसके आसपास के घाट भगवा रंग में रंगे नजर आए। भोले के जयकारों की गूंज हर तरफ सुनाई दी। शुक्रवार को हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा से कांवड़िए हरिद्वार पहुंचे। हरकी पैड़ी और उसके आसपास के घाट भगवा रंग में सुबह से रंगे नजर आए। जिला प्रशासन ने कांवड़ मेले के दौरान कांवड़ियों के लिए कांवड़ पटरी आरक्षित की हुई है। लेकिन शुक्रवार को हाईवे पर भी काफी संख्या में कांवड़ियें जाते दिखे। कांवड़ मेले को निर्विघ्न संपन्न कराने की प्रार्थना को लेकर डीपीजी दीपम सेठ, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने शुक्रवार को हरकी पैड़ी पर गंगा पूजा की। श्रीगंगा सभा के पदाधिकारियों के साथ प्रशासन के अधिकारियों ने गंगा आरती, मंत्रोच्चारण और गंगा मैया की जय उद्घोष के साथ कांवड़ मेले का शुभारंभ किया।

### कांवड़ में अधिकारियों के फोन नंबर जारी

हरिद्वार। कांवड़ मेले के लिए हरिद्वार पुलिस ने जनपद के सभी अधिकारियों के मोबाइल जारी किए। जारी नंबरों में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल का नंबर भी शामिल है। इसके अलावा कांवड़ हेल्पलाइन, सिटी कंट्रोल रूम हरिद्वार और कंट्रोल रूम रुड़की के साथ ही जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों के नंबर शामिल हैं।

### टंकी में जल भरकर ले जा रहे बागपत के कांवड़िए

हरिद्वार। कांवड़ यात्रा शुरू हो गई और कांवड़िए गंगाजल लेकर अपने अपने स्थान की ओर निकल रहे हैं। कांवड़िए मटकों में गंगाजल ले जा रहे वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो टंकियां भरकर गंगाजल लेकर अपने गांव जा रहे हैं। बागपत मेरठ निवासी गौरव सैनी, आकाश सैनी ने बताया कि वह 601 लीटर गंगाजल ले जा रहे हैं। जिसमें 500 लीटर की टंकी सहित दो 50 लीटर के ड्रम और एक लीटर की बोतल में गंगाजल भरकर पहली बार पुरा महादेव की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसमें से गांव में भी गंगाजल लोगों को वितरित किया जाएगा। जो लोग हरिद्वार नहीं आए वह भी शिवरात्रि पर जल चढ़ा सकेंगे।

## करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

जयन्त प्रतिनिधि।


कोटद्वार : पौखाल क्षेत्र में विद्युत लाइन पर कार्य कर रहे एक लाइनमैन को करंट लग गया। करंट से झुलसे लाइनमैन की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, गत शाम शाम कस्याली उपखंड के अंतर्गत बनचूरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। जिसके बाद ठेकेदार के अधीन ग्राम खौडेलगांव निवासी संतोष कुमार 42 वर्ष मौके पर पहुंचा और 11 केवी लाइन के विद्युत पोल में चढ़ लाइन मरम्मत का कार्य करने लगा। कार्य के दौरान अचानक संतोष को करंट लगा और वह जमीन पर गिर गया। आसपास मौके पर मौजूद लोगों के साथ ही सहायक कर्मियों ने उसे उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां संतोष की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। लेकिन, उससे पूर्व ही उसकी मौत हो गई। इससे पूर्व 17 जून को रिखणीखाल में भी ग्राम खुटिंडा निवासी अनिल नेगी की विद्युत लाइन मरम्मत के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी। जिसके बाद क्षेत्रवासियों ने ऊर्जा निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल भी खड़े किए थे।

# पाक जासूस मुकेश रजक और राकेश कुमार गुप्ता पाक एजेंटों को दिलाते थे भारतीय नंबर

**• गिरफ्तार आरोपी देश विरोधी कामों में कर रहें थे व्हाट्सएप का उपयोग**

कोलकाता ,पश्चिम बंगाल पुलिस की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) को हाल ही में गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आईएसआई एजेंटों के नेटवर्क को लेकर चौंकाने वाली जानकारियां हाथ लगी हैं। पुलिस ने इस हफ्ते की शुरुआत में मुकेश रजक और राकेश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर पाकिस्तान के हैंडलरों को भारतीय मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने में मदद कर रहे थे। पूछताछ में दोनों ने इस बात को स्वीकार किया है कि वे कई भारतीय पहचान पत्रों का इस्तेमाल कर बाज़ार से प्रीपेड सिम कार्ड खरीदते थे, जिनका इस्तेमाल व्हाट्सएप अकाउंट सक्रिय करने के लिए किया जाता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपित सक्रिय व्हाट्सएप नंबर पाकिस्तान भेजते थे और उससे पहले संबंधित ओटीपी भी हैंडलरों को साझा करते थे। इससे पाकिस्तान स्थित एजेंट भारतीय मोबाइल नंबरों से व्हाट्सएप अकाउंट चलाते थे, जिससे उन पर किसी को संदेह नहीं होता। खास



बात यह है कि यह पूरा ऑपरेशन पूर्व बर्दवान ज़िले के मेमारी इलाके में चलाया जा रहा था, जो आमतौर पर अपराध के लिए कुख्यात नहीं माना जाता। दोनों आरोपितों ने एक किराए के फ्लैट में रहकर खुद को एक स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) के प्रतिनिधियों के तौर पर पेश किया था। मकान मालिक को उन्होंने खुद को अंग्रेज़ी शिक्षक बताया, जबकि पड़ोसियों से उन्होंने कहा कि वे सामाजिक कल्याण में लगे एक एनजीओ के मुखिया हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, रजक और गुप्ता आम तौर पर सौम्य व्यवहार वाले दिखते थे और ज्यादा मेलजोल नहीं रखते थे। हालांकि, समय–समय पर कुछ अनजान लोग उनसे मिलने आया करते थे और कुछ समय उनके साथ रहते थे। जानकारी के अनुसार, मुकेश रजक पश्चिम बर्दवान ज़िले के पानागढ़ का निवासी है जबकि राकेश गुप्ता दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके का रहने वाला है। पुलिस को शक है कि ये दोनों किसी बड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो भारत से संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान तक पहुंचाने का काम कर रहा है।

फिलहाल दोनों आरोपितों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। एसटीएफ की टीम यह पता लगाने में जुटी है कि ये लोग कब से आईएसआई के लिए काम कर रहे थे और उन्होंने अब तक किन–किन सूचनाओं को साझा किया है। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के और भी सदस्य हो सकते हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

# ऋण जमा अनुपात बढ़ाने पर दिया जाए विशेष जोर : धामी

### राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लोगों को पूरा लाभ मिले, इसके लिए लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण देने की प्रक्रियाओं का और सरलीकरण किया जाए। जन समस्याओं का समाधान करना हमारी शीर्ष प्राथमिकता हो। कृषि बीमा योजनाओं में बीमा क्लेम की प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। जनपदों में ऋण जमा अनुपात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विशेष बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का ऋण जमा अनुपात बढ़ाने की दिशा में और प्रयास किए जाएं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य का ऋण जमा अनुपात 54 प्रतिशत से बढ़कर 54.26 प्रतिशत हुआ है। मुख्यमंत्री ने



कहा कि इसे 60 प्रतिशत तक ले जाने के लिए और प्रभावी प्रयास किए जाएं। राज्य के पर्वतीय जनपदों, विशेषकर टिहरी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, पौड़ी और बागेश्वर जनपदों में ऋण जमा अनुपात बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को एक ही स्थान पर एक ही दिन में मिले, इसके लिए अक्टूबर में सभी जनपदों में बड़े स्तर पर कैम्प का आयोजन किया जाए, जिसमें सभी विभाग और बैंकर्स साथ बैठकर जन समस्याओं का समाधान करें और उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करें। बैठक में जानकारी दी गई कि उत्तराखंड में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत प्रति लाख पर 48 हजार व्यक्तियों को बीमा कवरेज प्राप्त हुआ है, जो राष्ट्रीय औसत 40 हजार से अधिक है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत राज्य में प्रति ऋणकर्ता को औसत ऋण राशि 93,900 रुपये वितरित की गई है, जो राष्ट्रीय औसत 62,686 की तुलना में काफी अधिक है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत राज्य में अब तक 39 लाख खाते खोले जा चुके हैं, यह आंकड़ा पर्वतीय राज्यों में सबसे अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य में अग्रिमों में 10.26 प्रतिशत और जमा में

### डांडा देवराणा मेले में रूद्रेश्वर महाराज के दर्शन को जुटी भीड़

उत्तरकाशी। डांडा देवराणा में रुद्रेश्वर महादेव के पौराणिक मेले में शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। भक्तों ने रुद्रेश्वर महादेव से सुख समृद्धि की मन्नतें मांगी। इस अवसर पर 65 गांव के लोग गाजे बाजे के साथ झूमैलू लगाकर देवराणा पंहुचे और मंदिर के चारों तरफ नृत्य किया। सघन देवदार के जंगलों से घिरे डांडा देवराणा में आयोजित मेले में यमुनाघाटी के 65 गांव समेत दूर–दराज क्षेत्रों से लोग मेले का लुत्फ उठाने पहुंचे। देवराणा मेला रंवाई की पौराणिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक माना जात है। पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे ग्रामीणें ने देवराणा में झूमैलू नृत्य कर रूद्रेश्वर महाराज का आशीर्वाद लिया। इससे पहले रुद्रेश्वर महादेव की डोली देवलसारी थान गृभगृह से निकलने के बाद रात्रि विश्राम को किमी गांव में रूकी। जहां से महाराज की देव डोली शुक्रवार को देवराणा पंहुची और मंदिर में विराजमान हुई। उसके बाद रुद्रेश्वर महाराज की विधिवत पूजा अर्चना हुई। देवरा मेले में सभी ग्रामीणों के पहुंचने के बाद शाम को ठीक चार बजे देव माली संकित थपलियाल ने नांग मुंडेई से मूर्ति दर्शन कराये। महाराज के दर्शन को श्रद्धालुओं में अपार उत्साह दिखा।

## सावन का पहला दिन : सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक

गोरखपुर ,सावन के पहले दिन यूपी के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह रुद्राभिषेक और हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान शिव से सभी के कल्याण और सुख–समृद्धि की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास पर शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने बिल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की, फिर जल, दूध और मौसमी फलों के रस से अभिषेक किया। मठ के विद्वान आचार्यों और पुरोहितों ने शुक्ल यजुर्वेद के रुद्राष्टाध्यायी मंत्रों के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया। इसके बाद योगी ने वैदिक मंत्रों के बीच हवन भी किया। रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। आज से सावन का पवित्र महीना शुरू हो गया है, जो भगवान



शिव की पूजा के लिए खास है। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं। इस बार सावन में चार सोमवार आएंगे, और हर सोमवार को बाबा विश्वनाथ का अलग–अलग श्रृंगार होगा। काशी विश्वनाथ धाम में भक्तों की सुविधा के लिए पांच जगहों पर मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं, जहां डॉक्टर तीन पालियों में उपलब्ध हैं। लोधेश्वर, गोला और कानपुर के परमट मंदिर में भी भक्त सुबह से दर्शन के लिए कतार में खड़े हैं।

# उत्तरकाशी में सात सड़कें बंद

**दो मोटरमार्ग खुले**

उत्तरकाशी। लगातार हो रही बारिश के कारण जिले में सड़कों पर आवागमन मुश्किल बना हुआ है। जिले के सात ग्रामीण मोटरमार्ग बारिश के कारण जगह–जगह मलबा आने से यातायात के लिए ठप पड़े हैं। वहीं पिछले कई दिनों से बंद पड़े लोनिवि चिन्यालीसौड़ की दो सड़कें गत दिवस को आवाजाही के लिए खुल गई है। बारिश के बीच इन सड़कों पर आवागमन कठिन बना हुआ है। लोनिवि चिन्यालीसौड़ के अधीनस्थ बड़ेथी–बनचौरा तथा एसआरटी जसपुर मोटरमार्ग यातायात के लिए सुचारू हो गए, जबकि कोटधार मोरगी मोटरमार्ग अभी भी बंद पड़ी हैं। इसके अलावा पीएमजीएसवाई के अधीनस्थ भंकोली–अगोड़ा मोटरमार्ग, गजोली–नौगांव तथा कुंसाला–कुपड़ा मोटरमार्ग पर बारिश के कारण मलबा गिरने से आवागमन पिछले



कई दिनों से ठप है। लोनिवि उत्तरकाशी की ब्रह्मखाल–मांडियासारी तथा गंगनान पुल–भंगेली मोटरमार्ग भी बारिश के कारण मलबा व पत्थर आने से बंद पड़े हैं। इनमें से भंकोली–अगोड़ा को छोड़कर सभी सड़कों के शुक्रवार तक खुलने की संभावना है। भंकोली–अगोड़ा मार्ग पर जगह–जगह पत्थर व मलबा गिरने से विभाग ने मार्ग को 15 जुलाई तक खोलने की डेटलाइन दी है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुसांई ने बताया कि संबंधित विभागों की मशीनरी सड़कों को दुरुस्त करने में जुटी हैं।

### चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन में आई गिरावट

हरिद्वार। राज्य में हो रही बारिश का सीधा असर चारधाम यात्रा में पर भी पड़ रहा है। एक समय में ऋषिकुल मैदान में बने चारधाम रजिस्ट्रेशन काउंटर में एक दिन में चार हजार तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन होते थे, लेकिन मानसून की बारिश के चलते दस दिन में 4727 यात्री ही हरिद्वार से चारधाम के लिए रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। चारधाम यात्रा के शुरुआती चरण में यात्रियों की सुविधा के लिए ऋषिकुल मैदान में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर खोला गया था। जिसमें 20 रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाये गए थे।

इस दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर यात्रियों की लम्बी कतार देखने को मिलती थी। कई बार एक ही दिन में चार हजार से अधिक यात्रियों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया, लेकिन जून के अंतिम सप्ताह में बारिश होने से यात्रियों की संख्या में गिरावट आ गई।

# दिल्ली के आजाद मार्केट में तीन मंजिला इमारत ढही

### 46 वर्षीय व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली ,राजधानी दिल्ली के आजाद मार्केट इलाके में शुक्रवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। पुल मिठाई इलाके में एक तीन मंजिला बिल्डिंग रात करीब 2 बजे अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। इस घटना में 46 साल के एक व्यक्ति की मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक, इस बिल्डिंग के नीचे तीन दुकानें स्थित थीं, जिनमें सूटकेस, बैग और तिरपाल का कारोबार होता था। पहली मंजिल पर गोदाम बनाए गए थे। हादसे के वक्त बिल्डिंग के नीचे खड़ा एक ट्रक भी मलबे की चपेट में आ गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पास में मेट्रो का निर्माण कार्य भी चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, रात करीब



1:55 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को पुल मिठाई के टोकरी वालान में बाड़ा हिंदू राव स्थित इमारत ढहने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग, एनडीआरएफ, डीडीएमए और फॉरेंसिक क्राइम टीमों को भी तुरंत मौके पर बुलाया गया था। राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया। रेस्क्यू टीम ने मलबे से एक व्यक्ति को गंभीर हालत में बाहर निकाला, जिसे तुरंत हिंदू राव अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 46 वर्षीय मनोज शर्मा उर्फ पप्पू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था और पिछले 30 साल से दुकान पर काम कर रहा था। यह दुकान गुलशन महाजन नाम के एक व्यक्ति की थी। शुक्रवार सुबह तक राहत एवं बचाव कार्य जारी रहा। सुबह की तस्वीरों में दो मशीनें मलबा हटाते हुए नजर आईं। इस घटना में अन्य किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# अमरनाथ यात्रा : आठ दिनों में 1.45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

श्रीनगर ,अमरनाथ यात्रा के शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले आठ दिनों में 1.45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा की है। इसके अलावा, शुक्रवार को जम्मू से 6,482 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 1.45 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा, शुक्रवार को 6,482 यात्रियों का एक और जत्था भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ है। पहले काफिले में 107 वाहन



शामिल हैं, जिनमें 2,353 यात्री मौजूद हैं। ये जत्था सुबह 3:20 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ, जबकि दूसरे काफिले में 161 वाहन मौजूद हैं और उनमें 4,129 यात्री थे। ये काफिला सुबह 4:04 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ है। गुरुवार को पहलगाम में 'छड़ी मुबारकझ् (भगवान शिव की पवित्र गदा) का भूमि पूजन किया गया। छड़ी मुबारक के एकमात्र संरक्षक महंत स्वामी दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में श्रीनगर के दशनामी आखाड़ा भवन से पहलगाम ले जाया गया। पहलगाम में छड़ी मुबारक को गौरी शंकर मंदिर ले जाया गया, जहां भूमि पूजन हुआ। बाद में इसे मार्तंड सूर्य मंदिर ले जाया गया, जहां पूजा की गई और छड़ी मुबारक को मार्तंड सूर्य मंदिर के पवित्र झरने में स्नान कराया गया। छड़ी मुबारक 9 अगस्त को पवित्र गुफा मंदिर पहुंचेगी, जब यात्रा आधिकारिक रूप से समाप्त होगी। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आने वाले यात्रियों के अलावा, कई यात्री सीधे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) में ऑन–स्पॉट पंजीकरण के लिए पहुंच रहे हैं।

### कवर्धा में गहरी खाई में गिरा वाहन, 5 लोगों की दबकर मौत

कवर्धा। कवर्धा जिले में बड़ा हादसा हो गया। एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह सर लगभग 7:30 बजे, शहडोल एमपी से बेमेतरा जा रही बोर गाड़ी क्रमांक 88 ,1702 ग्राम चांटा थाना कुकदूर के पास ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर घाटी में गिर गई जिससे घटनास्थल पर तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी तथा घायल 6 लोगों को तुरंत इलाज हेतु कुकदूर अस्पताल भेजा गया था जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां पर दो लोगों की और मृत्यु हो गई है

## चौफुला में बरसाती नाले से घरों मे घुसा मलबा

हल्द्वानी। चौफुला चौराहे में बरसाती नाले से बहकर आया मलबा घरों में घुस गया। शुक्रवार को बारिश शुरूहोते ही नाले में पानी के साथ बहकर आया मलबा कॉलोनी के घरों में घुस गया। बारिश बंद होने के बाद भी घंटों तक घरों में जमा मलबे को निकालने के लिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इसके लिए स्थानीय लोगों ने नाले के डायवर्जन में बरती जा रही लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। हल्द्वानी में बारिश शुरू होते ही नाले कहर बन कर बहने लगते हैं। सिंचाई विभाग ने नाले से गैरवैशाली क्षेत्र को खतरा होने के कारण इसे चौराहे से कठघरिया की ओर जाने वाली सड़क की दिशा में डायवर्ट किया है। काम पूरा नहीं होने से कई जगह अस्थाई इंतजाम किए गए हैं। शुक्रवार अपराह्न तीन बजे तेज बारिश शुरू होते ही



चौफुला, वन चौकी के पास मौजूद नाले में पानी के साथ मलबा बहने लगा। नाले का पानी और मलबा घरों में भरने लगा। इससे मल्ला चौफुला, हरिपुर शील, हरिपुर गांगू के साथ ही रैतेला कॉलोनी में बने दर्जनों घरों में मलबा जमा होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई।

# सम्पादकीय

## अराजकता पर अंकुश

श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही शिव भक्त कांवड़ियों का सैलाब दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सड़कों पर उमड़ आया है। लगभग 15 दिन तक कावड़ का यह महा आयोजन श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान होगा लेकिन इसी भक्ति के बीच कुछ ऐसे प्रकरण अभी सामने आएंगे जो धर्म को कटघरे में खड़ा करेंगे। इसकी शुरुआत हो चुकी है जिसके उदाहरण हरिद्वार रुड़की में सामने आ चुके हैं। भक्ति और श्रद्धा के लिए "संयम" एक गुण है और यदि इस गुण का पालन करने में चूक होती है तो समझ लेना चाहिए कि भक्ति पूर्ण रूप से संपन्न नहीं मानी जा सकती। खास तौर से यदि किसी बड़े धार्मिक आयोजन के लिए निकलने के दौरान हमारे आचरण से किसी को नुकसान होता है या फिर हिंसा का बोध होता हो तो यहां भी धर्म पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। कांवडिए यह मान चुके हैं कि जब वह जल लेकर अपने गंतव्य के लिए वापस लौटते हैं तो उन्हें सड़क पर कुछ भी करने की छूट मिली हुई है और कहीं ना कहीं यह एक सत्य भी है क्योंकि अक्सर कांवड़ियों द्वारा की जाने वाली हिंसा की घटनाओं के दौरान पुलिसकर्मियों को मूकदर्शक बने हुए भी देखा गया है। हालांकि इस बार उत्तराखंड पुलिस में कुछ मामलों में उपद्रव मचाने वाले कांवड़ियों की पहचान कर न केवल उन्हें हिरासत में लिया बल्कि उनके खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भी भेजा गया है। धार्मिक आयोजनों के दौरान सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए हुडदंगी कांवड़ियों पर इस प्रकार की सख्त कार्रवाई करना बेहद जरूरी है अन्यथा तोड़फोड़ और हिंसा की जो परिपाटी चली आ रही है वह और अधिक बेलगाम होती चली जाएगी। हालांकि अभी कावड़ का पूरा सैलाब उमड़ना बाकी है लेकिन इससे पहले हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर उत्तराखंड पुलिस ने जैसा संदेश दिया है कहीं ना कहीं उसका कुछ असर हरिद्वार एवं आसपास के क्षेत्र में जरूर नजर आएगा। मामूली बात पर धैर्य खोने वाले कांवड़ियों की पहचान जरुरी है और यदि यात्रा के दौरान शांति बनाए रखने की दृष्टिगत करवाई टाली जा सकती है तो इसे कावड़ यात्रा संपन्न होने के बाद भी पूरा किया जा सकता है। आज सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी व्यक्ति की पहचान करना मुश्किल नहीं है और किसी भी घटना में शामिल एक व्यक्ति के चिन्हित होने के साथ अन्य को बेनकाब करना फिर मुश्किल नहीं है। जरूरी यह है कि धर्म की आड़ में दूसरों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी दशा में माफ नहीं किया जाना चाहिए, फिर चाहे वे किसी भी धर्म के धार्मिक आयोजन क्यों न हों। एक बार राज्यों की पुलिस इस प्रकार के बेलगाम कांवड़ियों पर कार्रवाई करेगी तो धीरे–धीरे यात्रा के दौरान ऐसी हरकतें खुद–ब–खुद कमतर होती चली जाएगी।

# राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्र भाषा से बचना पड़ेगा

**विनीत नारायण**

**भारत की प्रत्येक भाषा राष्ट्र भाषा होने में समर्थ है। इसलिए कोई भी भाषा अपना अधिकार छोड़ने को राजी नहीं होगी, होना भी नहीं चाहिए। लेकिन यदि हमने जबरदस्ती किसी भाषा को राष्ट्र भाषा बना कर थोपने की कोशिश की तो देश खंड–खंड हो जाएगा। आज देश के बीच विभाजन के जो बुनियादी कारण हैं, उनमें भाषा एक है। राष्ट्र भाषा बनाने का खयाल ही राष्ट्र को खंड–खंड में तोड़ने का कारण बनेगा। अगर राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्र भाषा से बचना पड़ेगा और अगर राष्ट्र को मिटाना हो तो राष्ट्र भाषा की बात आगे भी जारी रखी जा सकती है। मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्र भाषाएं हैं, उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषा पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिन्दी हो और चाहे कोई और हो।**

मलाही भाषा येत नाही। भाषा संवाद के लिए होती है, झगड़े उपद्रव के लिए नहीं झगड़े उपद्रव के लिए लुबाजी, गोलीबारी होती है। गले लगा लो तो बिना भाषा के भी संवाद हो जाता है।

राष्ट्र में महाराष्ट्र का होना गौरव और गरिमा की बात है। महाराष्ट्र की उत्कृष्ट सभ्यता संस्कृति है। इसे क्षुद्र स्तर पर न ले आने के लिए हम सजग सावधान रहें तो इसकी सभ्यता–संस्कृति पूरे विश्व में जगमगाती रहेगी। मराठी–गुजराती–हिन्दी–अंग्रेजी की यहां सब नदियां एक ही महासागर से जुडी हैं। इसलिए यहां संकीर्णता नहीं, उदारता ही प्रवाहमान होती है। सभ्यता–संस्कृति का दीप–स्तंभ बनती है। यह कहना है स्वामी चैतन्य कीर्ति का।

इस विषय में ओशो क्या कहते हैं : 'एक मित्र ने पूछा है कि क्या भारत में कोई राष्ट्र भाषा होनी चाहिए? यदि हां, तो कौन सी? राष्ट्र भाषा का सवाल ही भारत में बुनियादी रूप से गलत है। भारत में इतनी भाषाएं हैं कि राष्ट्र भाषा सिर्फ लादी जा सकती है, और जिन भाषाओं पर लादी जाएगी उनके साथ अन्याय होगा। भारत में राष्ट्र भाषा की कोई भी जरूरत नहीं है। भारत में बहुत–सी राष्ट्रभाषाएं ही होंगी और आज कोई कठिनाई भी नहीं है कि राष्ट्र भाषा जरूरी हो। रूस बिना राष्ट्र भाषा के काम चलाता है, तो हम क्यों नहीं चला सकते? आज तो यांत्रिक व्यवस्था हो सकती है संसद में, बहुत थोड़े खर्च से, जिसके द्वारा एक भाषा सभी भाषाओं में अनुवादित हो जाए, लेकिन राष्ट्र भाषा का मोह बहुत महंगा पड़ रहा है।

भारत की प्रत्येक भाषा राष्ट्र भाषा होने में समर्थ है। इसलिए कोई भी भाषा अपना अधिकार छोड़ने को राजी नहीं होगी, होना भी नहीं चाहिए।

लेकिन यदि हमने जबरदस्ती किसी भाषा को राष्ट्र भाषा बना कर थोपने की कोशिश की तो देश खंड–खंड हो जाएगा। आज देश के बीच विभाजन के जो बुनियादी कारण हैं, उनमें भाषा एक है। राष्ट्र भाषा बनाने का खयाल ही राष्ट्र को खंड–खंड में तोड़ने का कारण बनेगा। अगर राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्र भाषा से बचना पड़ेगा और अगर राष्ट्र को मिटाना हो तो राष्ट्र भाषा की बात आगे भी जारी रखी जा सकती है। मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्र भाषाएं हैं, उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषा पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिन्दी हो और चाहे कोई और हो।

कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलुगू, बंगाली या गुजराती को हिन्दी दबाए। लेकिन गांधी जी के कारण जो कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिन्दी को राष्ट्र भाषा का वहम देने की भी है। हिन्दी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्र भाषा है तो हिन्दी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं, और वे अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिन्दी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता। सिर्फ संसद में हमें यांत्रिक व्यवस्था करनी चाहिए कि सारी भाषाएं अनुवादित हो सकें। और वैसे भी संसद कोई काम तो कोई करती नहीं है कि कोई अड़चन हो जाएगी। सालों तक एक–एक बात पर चर्चा चलती है, थोड़ी देर और चल लेगी तो कोई फर्क नहीं होने वाला है। संसद कुछ करती हो तो भी विचार होता कि कहीं कार्य में बाधा न पड़ जाए। कार्य में कोई बाधा पड़ने वाली नहीं मालूम होती। फिर मेरी दृष्टि यह भी है कि यदि हम राष्ट्र भाषा को थोपने का उपाय न करें तो शायद बीस– पच्चीस वर्षों में कोई एक भाषा विकसित हो और धीरे–धीरे राष्ट्र के प्राणों को घेर ले। वह भाषा हिन्दी नहीं होगी, वह भाषा हिन्दुस्तानी होगी। उसमें तमिल के शब्द भी होंगे, तेलुगू के भी, अंग्रेजी के भी, गुजराती के भी, मराठी के भी। वह एक मिश्रित नई भाषा होगी जो धीरे–धीरे भारत के जीवन में से विकसित हो जाएगी। लेकिन, अगर कोई शुद्धतावादी चाहता हो कि शुद्ध हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाना है, तो यह सब पागलपन की बात है। इससे कुछ हित नहीं हो सकता।' यह तो थी ओशो की सोच।

महाराष्ट्र, एक ऐसा राज्य है जो अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और मराठी भाषा के लिए जाना जाता है, आज भाषा विवाद के कारण चर्चा में है। मराठी, जो इस राज्य की आत्मा है, न केवल एक भाषा है, बल्कि महाराष्ट्र की पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक भी है। हाल के वर्षों में मराठी भाषा के उपयोग और सम्मान को लेकर कई विवाद सामने आए हैं, जो सामाजिक–राजनीतिक स्तर पर तनाव का कारण बन रहे हैं। महाराष्ट्र में मराठी को प्राथमिकता देने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। विशेष रूप से मुंबई जैसे महानगरों में, जहां विविधता अपनी चरम सीमा पर है, मराठी भाषा को कई बार उपेक्षित महसूस किया जाता है। गैर–मराठी भाषी समुदायों की उपस्थिति और वैश्वीकरण के प्रभाव ने मराठी के उपयोग को कुछ हद तक सीमित किया है। यह स्थिति स्थानीय लोगों में असंतोष को जन्म देती है, जो अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, साहित्य और परंपराओं की वाहक भी है। मराठी साहित्य में संत ज्ञानेर से लेकर आधुनिक लेखकों तक का योगदान शामिल है, जो विश्व स्तर पर अपनी गहराई के लिए जाना जाता है। फिर भी, सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर मराठी के उपयोग में कमी देखी जा रही है।

यह स्थिति मराठी भाषी समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राज्य सरकार ने मराठी को अनिवार्य करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, जैसे स्कूलों में मराठी पढ़ाई को बढ़ावा देना और सरकारी कार्य में इसका उपयोग सुनिश्चित करना। लेकिन इन प्रयासों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है। साथ ही, मराठी के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक जागरूकता भी जरूरी है। गैर–मराठी भाषी लोगों को भी मराठी सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि सामाजिक एकता मजबूत हो। मराठी भाषा या देश की अन्य भाषा का संरक्षण केवल एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। विवादों को सुलझाने के लिए संवाद और सहयोग जरूरी है। मराठी और अन्य भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना होगा ताकि सभी भाषाएं अपनी गरिमा और गौरव के साथ फलती–फूलती रहें।

# एमएसएमई की संख्या में वृद्धि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश की अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महत्त्वपूर्ण योगदान देने के साथ ही जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं।

एमएसएमई दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सतत आर्थिक विकास के मद्देनजर एमएसएमई के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम अनिवार्य है। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि केंद्र सरकार ने इस अनिवार्यता को समझते हुए कई नीतिगत पहल की है। एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन, ऋण की उपलब्धता में वृद्धि, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और केंद्रीय सार्वजनिक के उद्यमों को अपनी वाषिर्क खरीद आवश्यकताओं का कम–से–कम 35 फीसद एमएसएमई उद्यमों से प्रापण करने के लिए प्रोत्साहन, पीएम विकर्मा योजना के तहत कारीगरों के कौशल विकास जैसी तमाम पहल ने एमएसएमई उद्यमों के लिए स्थितियां उत्साहजनक बनाई हैं। इन प्रयासों ने पंजीकृत एमएसएमई की संख्या में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। साथ ही, उम्मीद जगी है कि इन पहल से देश के समावेशी विकास में एमएसएमई पहले से कहीं ज्यादा महत्त्वपूर्ण निभाने में सक्षम और सफल हो सकेंगे। चूंकि ये उद्यम बनिस्बत कम पूंजी लागत पर अधिक रोजगार अवसरों का सृजन करते हैं, और वह भी ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में, इसलिए कमजोर वगरे को सशक्त बनाने और विकास के विकेंद्रीकरण में अपनी उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं। कहना न होगा कि इससे ये उद्यम समावेशी विकास का महत्त्वपूर्ण जरिया बन सकते हैं। जमीनी स्तर पर नवाचार में भी एमएसएमई उद्यमों की भूमिका को समझा गया है। महिलाओं को इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाए तो समाज के सर्वागीण विकास की में नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। बेशक, सरकार के स्तर पर तमाम प्रयास और पहल हो रही हैं, लेकिन इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह क्षेत्र अनके चुनौतियों का भी सामना कर रहा है। वित्त की समस्या, कंपनियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, नवीनतम प्रौद्योगिकी की कमी, कच्चे माल, सीमित बाजार, विलंबित भुगतान और कम कुशल कार्यबल आदि समस्याओं का निदान हो सका तो यकीनन यह क्षेत्र अर्थव्यवस्था के विकास में अपेक्षित योगदान देगा।

## आप काफी उत्साहित

चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) काफी उत्साहित नजर आई। गुजरात की विसावदर सीट से गोपाल इटालिया व पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर जीते संजीव अरोड़ा, दोनों आप के उम्मीदवार हैं। केरल में नीलांबुर सीट कांग्रेसनीत यूडीएफ ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को पछाड़ कर जीत हासिल की। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से गुजरात की कड़ी सीट बरकरार रखते हुए राजेंद्र चावड़ा को जीत दिलाई। तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की कालीगंज विधानसभा सीट पर पुनः कब्जा किया। भाजपा के आशीष घोष को यहां अलीफा अहमद ने हराया। सभी पांचों सीटों पर इसी माह की 19 तारीख को मतदान हुए थे। इनमें लुधियाना के चुनाव पर विशेषज्ञों की कड़ी नजर थी। क्योंकि अरोड़ा राज्य सभा सांसद हैं। जहां से वे इस्तीफा देंगे। विपक्ष का दावा था कि इस खाली हुई सीट से अरविंद केजरीवाल उच्च सदन जा सकते हैं। बहरहाल उन्होंने इस सवाल को टालते हुए कहा कि यह फैसला आप की राजनीतिक मामलों की कमेटी लेगी। इसके बाद कयास मनीष सिसोदिया को भेजने का है। हालांकि लंबी जेल भुगतने वाले सत्येंद्र जैन को भी दावेदार माना जा रहा है।

मतगणना के वक्त कालीगंज के बाराचंदगर इलाके में हुए विस्फोट में नौ साल की बच्ची की मौत से उपजा मसला अभी शांत नहीं हुआ है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आासन फौरन ही दिया। हालांकि उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने काफी उदासीनता बरती। मगर भाजपा शीर्ष को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

# मराठी मानुष को लेकर फिर से मैदान सजाना चाहते हैं ठाकरे परिवार

**अजय दीक्षित**

**1989 में शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी का राजनीतिक गठबंधन बना और बीएमसी में एक साथ चुनाव लड़े । उसके बाद 1995 में यह गठबन्धन सत्ता में आया। शिव सेना बड़े भाई की भूमिका में थी क्योंकि उसके अधिक विधायक लड़े भी और जीत कर भी आए । मनोहर जोशी राजग के पहले मुख्यमंत्री बने। लेकिन 2014 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 121 सीट जीती और देवेंद्र फडणवीस भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री बने लेकिन 2019 के विधानसभा चुनावों में 107 भारतीय जनता पार्टी ने जीती और 63 पर शिवसेना। शिव सेना ने मुख्यमंत्री पद मांगा तो भारतीय जनता पार्टी ने इनकार कर दिया। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस, ह्श्ष्क्क, से मिलकर सरकार बना ली।यही से भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के रास्ते अलग हो गए।**

अभी कुछ दिनों पहले ही खबर आई थी कि उद्धव और राज ठाकरे ने आपस में समझौता कर राजनीति की एक राह पकड़ली है।एक सप्ताह में ही राज ठाकरे की पार्टी ने वही बात आंदोलित कर दी कि मुंबई मराठी भाषा बोलने वालों की है और हम महाराष्ट्र में तीसरी या दूसरी भाषा हिंदी को नहीं चलने देंगे।यह कहना ही था कि भारतीय जनता पार्टी के मुखर सांसद निशिकांत दुबे ने कह दिया कि हम बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में मराठी भाषा बोलने वालों को पटक पटक कर मारेंगे।बस मुंबई में आज मीरा रोड पर एम एन एस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया बदले में मुंबई पुलिस ने लाठी चार्ज कर भीड़ को खदेड़ दिया। 1966 में तत्कालीन एक कार्टूनिस्ट बाल ठाकरे ने मुंबई में शिवसेना नामक एक राजनीतिक दल की स्थापना की थी और उनका उद्देश्य भी यही था कि भाषा के आधार पर मुंबई में राजनीत की जाय तब स्व बाल ठाकरे मुंबई महा पालिका में सक्रिय थे। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा में उसका कोई विशेष बर्चस्व नहीं था। महाराष्ट्र में कांग्रेस के सामने कुछ हलकों में पहले जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी का बजूद था।1989 में शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी का राजनीतिक गठबंधन बना और बीएमसी में एक साथ चुनाव लड़े । उसके बाद 1995 में यह गठबन्धन सत्ता में आया। शिव सेना बड़े भाई की भूमिका में थी क्योंकि उसके अधिक विधायक लड़े भी और जीत कर भी आए । मनोहर जोशी राजग के पहले मुख्यमंत्री बने। लेकिन 2014 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 121 सीट जीती और देवेंद्र फडणवीस भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री बने लेकिन 2019 के विधानसभा चुनावों में 107 भारतीय जनता पार्टी ने जीती और 63 पर शिवसेना। शिव सेना ने मुख्यमंत्री पद मांगा तो भारतीय जनता पार्टी ने इनकार कर दिया। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस, ह्श्ष्क्क, से मिलकर सरकार बना ली।यही से भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के रास्ते अलग हो गए।2022 में 10 अक्तूबर को शिव सेना में एक नाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह हो गया और लगभग सभी विधायक शिंदे के साथ चले गए और शिंदे भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से मुख्यमंत्री बने।

शिंदे ने अपनी अलग शिव सेना बनाली।2024 के चुनाव में अजीत पवार एनसीपी,शिंदे शिव सेना और भारतीय जनता पार्टी ने 288 में से दो तिहाई 238 जीत दर्ज कर सरकार बनाई और देवेंद्र फडणवीस पुनः मुख्यमंत्री बने।

उद्धव ठाकरे को इन विधानसभा चुनावों में मात्र 23 सीट मिली ।इस प्रकार ठाकरे परिवार का मुंबई और महाराष्ट्र से बाजूद समाप्त हो गया।अब निकट भविष्य में 76000 करोड़ सलीना बजट बाली बीएमसी के चुनाव होने हैं और ठाकरे परिवार पुनः प्रति स्थापित होना चाहता है तो उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को मनाया है और वहीं मुद्दा मराठी मानुष का बोलबाला उठाया है। केंदीय सरकार की शिक्षा नीति में हिंदी,एक स्थानीय भाषा और अंग्रेजी भाषा पढ़ाने की बात है

उस नीति को भी निशाना बनाना था मगर मुख्यमंत्री श्री देवेंद फडणवीस ने उससे पहले ही हिंदी न पढ़ाने की घोषणा कर दी।


ठाकरे परिवार अब पुनः मराठी मानुष के प्रमुख मुद्दे पर उतर कर पुनः राजनीतिक जमीन तलाश रहा है।

# सन ऑफ सरदार 2 का नया पोस्टर आया सामने, ट्रेलर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा



अजय देवगन की मास कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस के लिए गुडन्यूज है. सन ऑफ सरदार 2 के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है. सन ऑफ सरदार 2 के ट्रेलर के लिए ज्यादा दिनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा. मेकर्स ने सन ऑफ सरदार 2 के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. सन ऑफ सरदार 2 के पोस्टर और टीजर आने के बाद से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था, जो आने वाले दो दिनों में खत्म हो जाएगा. फिल्म के लीड एक्टर अजय देवगन ने अपनी शानदार कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार के दूसरे पार्ट के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. अजय ने आज 9 जुलाई को सोशल मीडिया पर सन ऑफ सरदार 2 का नया पोस्टर भी शेयर किया है और साथ ही बताया है कि सन ऑफ सरदार 2 का ट्रेलर आगामी 11 जुलाई को रिलीज होने जा रहा है. इसी के साथ फिल्म सन ऑफ सरदार 2 से आए पोस्टर में अजय समेत फिल्म की पूरी स्टारकास्ट नजर आ रही है. पोस्टर पर अजय हाथ खड़े कर हैरान और परेशान दिख रहे हैं. पोस्टर में दिख रहे सभी कलाकारों ने उनपर बंदूक तान रखी है. इस पोस्ट को शेयर कर अजय ने लिखा है, पाजी, 2 दिन बाद इम्पॉसिबल की भी लगेगी क्लास, सन ऑफ सरदार 2 का ट्रेलर 11 जुलाई को रिलीज होगा, हमारे साथ जुड़े रहें. बता दें, फिल्म आगामी 25 जुलाई को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है. फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है. फिल्म के प्रोड्यूसर खुद अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, एनआर पचिसिया और प्रवीण तलरेजा हैं. फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें अजय देवगन, मृणाल ठाकुर, रवि किशन, संजय मिश्रा, मुकुल देव, विंदू दारा सिंह और चंकी पांडे हैं.

# 5 बॉल पर 5 विकेट लेकर आयरिश गेंदबाज कर्टिस कैंफर ने मचाया तहलका, बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



नई दिल्ली, टी20 क्रिकेट में गेंदबाजी करना किसी भी गेंदबाज के लिए आसान नहीं है क्योंकि गेंदबाज को अपनी क्षमता दिखाने के लिए केवल चार ओवर ही मिलते हैं. फिर भी टी20 क्रिकेट में हर दिन रिकॉर्ड टूटते या बनते रहते हैं. अब आयरिश ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर ने क्रिकेट में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है जो पहले कभी नहीं देखी गई. आयरलैंड ने लगातार पांच गेंदों पर विकेट लेकर इतिहास रच दिया है.

आयरलैंड में आयोजित घरेलू टी20 टूर्नामेंट (इंटर–प्रांतीय टी20 ट्रॉफी) के दौरान मुंस्टर रेड्स की ओर से खेलते हुए कर्टिस कैंफर ने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ 12वां ओवर फेंका और ओवर की 5वीं गेंद पर गेरोड विल्सन को आउट कर दिया. इसके बाद आखिरी गेंद पर ग्राहम ह्यूम एलबीडब्ल्यू आउट हो गए. इस प्रकार उन्होंने दो गेंदों पर विकेट ले लिए. इसके बाद उन्होंने मैच का 14वां ओवर फेंका. उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्रायन को आउट कर अपनी हैट्रिक पूरी की. इसके बाद उन्होंने अगली दो गेंदों पर रॉबी मिलर और जोश विल्सन के विकेट लिए. इस प्रकार उन्होंने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट लिए और ऐसा कारनामा करने वाले वो दुनिया के पहले मेंस गेंदबाज बन गए. उनसे पहले यह उपलब्धि जिम्बाब्वे की महिला ऑलराउंडर केलिस नधलोवु को मिली है, जिन्होंने 2024 में घरेलू टी–20 मैच में ईगल्स विमेन के खिलाफ पांच गेंदों में पांच विकेट लिए थे. बता दें कि, क्रिकेट की दुनिया में जब भी कोई गेंदबाज चार गेंदों पर चार विकेट लेता है तो उसे डबल हैट्रिक कहा जाता है, यहां वह डबल हैट्रिक से आगे निकल गए हैं. कर्टिस कैंफर ने मैच के शुरुआती दौर में बल्लेबाजी करते हुए भी अच्छा प्रदर्शन किया. उन्होंने मुंस्टर रेड्स के लिए 24 गेंदों पर 44 रन बनाए. उनके अलावा पीटर मूर ने 35 रनों का योगदान दिया. स्टीफन डोडानी और स्पिनिल ने 27–27 रन बनाए. इन खिलाड़ियों की बदौलत ही टीम 188 रन बना पाई. इसके बाद नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स की टीम महज 88 रन पर सिमट गई. कैंफर को गेंदबाजी और बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला.

# मुनव्वर फारुकी के शो में शामिल हुईं खुशी मुखर्जी, बोलीं– मुझे गर्व महसूस हो रहा है

एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी ने कमीडियन मुनव्वर फारुकी द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो द सोसाइटी में शामिल होने के अनुभव को साझा किया। इस शो में शामिल होने की उत्सुकता जताते हुए खुशी ने कहा, शो में जाना मेरे लिए एक खास एहसास है। इस शो का हिस्सा बनने पर मुझे गर्व महसूस हो रहा है और सच में इंतजार नहीं कर सकती कि लोग मुझे एक नए अंदाज में देखें। पिछले कुछ महीनों में, मैंने लोकप्रियता के अच्छे और बुरे दोनों पहलू देखे हैं। कुछ लोग मेरे लिए मजबूत सहारा बने, लेकिन बहुत सारे लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने मुझे नीचे गिराने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मैं इन बातों की परवाह किए बिना अपने काम और खुद पर ध्यान दे रही हूं ताकि अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकूं। मुझे शो के बारे में ज्यादा कुछ बताने की इजाजत नहीं है, लेकिन हां, मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि यह एक ऐसा शो होगा, जो भारत जैसे देश के लिए बिल्कुल नया होगा। मैं वाकई बहुत उत्साहित हूं और दर्शकों से प्यार और सपोर्ट मिलने की उम्मीद कर रही हूं। बता दें कि मुनव्वर फारूकी जियोहॉटस्टार के शो द सोसाइटी को होस्ट करेंगे। इस शो को कब और कैसे देखा जा सकेगा, इसकी जानकारी अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। 7 जुलाई को जियोहॉटस्टार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर इस शो का टीजर शेयर किया था, जिसमें कुछ लोग रेड कलर की आउटफिट में कैमरे की तरफ बढ़ते दिखाई दे रहे थे। जब वे पास से गुजरे, तो कैमरा मुनव्वर फारूकी पर जूम किया गया, जो टक्सीडो पहने चार लोगों के सामने खड़े थे और उनके चेहरे काले मास्क से ढके हुए थे। टीजर शेयर करते हुए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने लिखा, गेम मास्टर मुनव्वर फारूकी आपका स्वागत करते हैं द सोसाइटी में! थोड़ा सावधान रहिए, यहां के नियम भी इनके जैसे अलग और हटके हैं।

## लाल साड़ी में मोनालिसा ने ढाया कहर, जुड़वां जाल के सेट से शेयर की दिलकश तस्वीरें

भोजपुरी सिनेमा की ग्लैमरस क्वीन मोनालिसा एक बार फिर अपने ट्रेडिशनल अवतार में छा गई हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं जिनमें वह लाल रंग की खूबसूरत साड़ी में नजर आ रही हैं. यह तस्वीरें उनके अपकमिंग शो जुड़वां जाल के सेट से हैं, जो जल्द ही हंगामा ओटीटी पर रिलीज होने वाला है. इन फोटोज में मोनालिसा ने सिंपल लेकिन बेहद एलिगेंट लुक कैरी किया है. रेड साड़ी, डीप नेक ब्लाउज, सिंपल नेकपीस और खुले बालों में मोनालिसा का अंदाज बेहद आकर्षक लग रहा है. इस लुक में उनकी सादगी और ग्लैमर का जबरदस्त मेल देखने को मिल रहा है. उन्होंने कैप्शन में सवाल भी किया, अनामिका या शुचि? जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह तस्वीरें शो में उनके दोहरे किरदार की झलक दे रही हैं. मोनालिसा की इन तस्वीरों पर फैंस का प्यार जमकर बरस रहा है. कोई उन्हें स्टनिंग ब्यूटी कह रहा है तो कोई बॉम्बशेल इन रेड. इस पोस्ट को कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं.

# बुमराह के पंजे के बाद केएल राहुल ने किया इंग्लैंड को परेशान




नई दिल्ली। क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स मैदान पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन की शुरुआत भारत ने शानदार तरह से कर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। हालांकि, दिन का अंत होने तक मेजबान टीम ने भी भारत को परेशानी में डाल दिया है। जसप्रीत बुमराह के पांच विकेट इंग्लैंड पर भारी पड़े,लेकिन उसने तीन विकेट लेकर भारत को भी मजबूत अंत नहीं करने दिया। शुक्रवार का खेल खत्म होने तक भारत ने तीन विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिए हैं। स्टम्प्स तक केएल राहुल 53 और ऋषभ पंत 19 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 387 रन बनाए हैं। टीम इंडिया मेजबानों से अभी भी 242 रन पीछे हैं। राहुल ने 113 गेंदों का सामना कर पांच चौके मारे हैं। वहीं पंत ने 33 गेंदें खेली हैं जिनमें से तीन को सीमा पार पहुंचाया है।

**बुमराह का कहर**

इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत चार विकेट के नुकसान पर 251 रनों के साथ की। 99 रनों पर नाबाद लौटे जो रूट ने अपना शतक पूरा किया। हालांकि, इंग्लैंड को झटका भी जल्दी लग गया। बुमराह ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की पारी का अंत कर उसे दिन का पहला और कुल पांचवां झटका दिया। स्टोक्स ने 110 गेंदों का सामना कर 44 रन बनाए जिसमें चार चौके शामिल रहे। इसके बाद बुमराह ने इंग्लैंड को 88वें ओवर की पहली और दूसरी गेंद पर लगातार दो झटके दे दिए। उन्होंने पहले रूट को अपना शिकार बनाया। उन्होंने 199 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 104 रन बनाए ये। इसके अगली गेंद पर बुमराह ने क्रिस वोक्स को आउट कर दिया। अंपायर ने तो वोक्स को बचा लिया था, लेकिन रिव्यू में भारत को सफलता मिली। मोहम्मद सिराज ने जेमी स्मिथ की पारी का अंत कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। उन्होंने 56 गेंदों पर 51 रन बनाए जिसमें छह चौके शामिल रहे। आउट होने से पहले उन्होंने बायडन कार्स के साथ मिलकर 84 रनों की साझेदारी की।

## एक नजर

### बाजपुर का युवक तेलंगाना से लापता , 28 दिनों से सुराग नहीं

काशीपुर। हैदराबाद के तेलंगाना में काम की तलाश में गया 22 वर्षीय युवक लापता हो गया। उसका 28 दिनों के बाद सुराग नहीं लगा है। परेशान परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से सहयोग की मांग की है। गांव बाजपुर निवासी अनवार हुसैन ने बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र इंतजार हुसैन स्टील बैल्डिंग का काम करता है। 12 जुलाई को वह हैदराबाद के तेलंगाना में काम करने के लिये गया था। बताया कि अगले दिन 13 जून को उनके बेटे ने घर फोन कर बताया था कि वह पहुंच गया है लेकिन उसके तुरंत बाद उसका नंबर बंद हो गया जो आज तक बंद है। अनवार ने बताया कि उन्होंने वहां रहने वाले अपने सभी रिश्तेदारों को पुत्र की तलाश में लगाया है लेकिन आज तक उसका पता नहीं चला है।

### काशीपुर में अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार की रात टांडा चौकी प्रभारी सुनील सूतेडी पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि राईपुर रोड फ्लाईओवर के नीचे एक युवक अवैध हथियार लेकर खड़ा है।

# हाईवे पर धमके हाथी, लोगों ने भागकर बचाई जान

### कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी है समस्या



नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राजमार्ग पर खड़ा हाथियों का झुंड

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार को हाथियों का झुंड अचानक हाईवे पर धमक गया। राहगीरों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान हाथी मौके पर खड़ी एक कार के आसपास घूमते रहे। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को वापस जंगल में खदेड़ा।

बरसात के समय जंगलों में उमस बढ़ गई है। साथ ही छोटे-छोटे उड़ने वाले कीट भी हाथियों को परेशान कर रहे हैं। जिसके कारण हाथी जंगल से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच रहे हैं। हाथियों के सड़क पर आने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को हाथियों का झुंड जंगल से निकलकर हाईवे पर पहुंच गया था। जिसके कारण सुबह सात बजे से आठ बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। राहगीर घंटों तक हाथियों के वापस जंगल में जाने का इंतजार करते रहे। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सायरन बजा हाथियों को सड़क से नदी की ओर भेजा। इसके बाद वन विभाग की टीम लगातार मौके पर तैनात रही।

**सावधानी से करें आवागमन**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ी हाथियों की धमक ने राहगीरों की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में राहगीरों को हाईवे पर सावधानी पूर्वक आवागमन करना चाहिए। दरअसल, इन दिनों झाड़ियां बढ़ने के कारण भी हाथी का अंदाजा नहीं लग पाता।

ऐसे में सबसे अधिक खतरा रात के अंधेरे में आवागमन करने वालों को बना हुआ है। जरा सी लापरवाही आवागमन करने वालों के जीवन पर भारी पड़ सकती है।

# मां के नाम पर किया पौधा रोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल देवी रोड में पौधा रोपण किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

शुक्रवार को विद्यालय पसिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डीपी जोशी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। हमें अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए।

कहा कि धरा को हरा-भरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक पेड मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। आज देश के करोड़ों लोग इस अभियान से जुड़कर पौधा रोपण कर रहे हैं। अभियान के तहत विद्यालय में ईको-क्लब की भी स्थापना की गई।



कोटद्वार के श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पौध रोपण करते प्रधानाचार्य डीपी जोशी

# घर के आंगन में खड़े ई-रिक्शा से चोरी की बैटरी व चार्जर

**जयन्त प्रतिनिधि।** कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आमपड़ाव क्षेत्र में चोर सक्रिय हो गए है। चोरों ने घर के आंगन में खड़े चार ई-रिक्शा के चार्जर व बैटरी चोरी कर दी। घटना के बाद से ई-रिक्शा चालकों में भय बना हुआ है।

शुक्रवार को कोतवाली में पहुंचे ई-रिक्शा चालक आमपड़ाव इंदिरा नगर निवासी सुखमेंद्र सिंह, शरीफ अहमद, रमेश व रूस्तम ने बताया कि ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवारों का भरण पोषण कर रहे हैं। विगत आठ जुलाई रात को अपने ई–रिक्शा को अपने घर के आंगन में खड़ा कर दिया था। लेकिन, सुबह उन्हें आंगन में खड़ी ई-रिक्शा का चार्जर व बैटरी गायब मिली। कहा कि चार्जर व बैटरी चोरी हो जाने से अब वे रिक्शा नहीं चला पा रहे हैं, जिस कारण उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने चार्जर व बैटरी चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# कल्जीखाल ब्लॉक में एक दर्जन प्रधान और दो क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शुक्रवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था। कल्जीखाल ब्लॉक में एक दर्जन प्रधान और दो क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए है। क्षेत्रीय निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी ने निर्विरोध निर्वाचित ग्राम प्रधान को प्रमाण पत्र निर्गत किए। क्षेत्रीय चुनाव अधिकारी अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड कल्जीखाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में शुक्रवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था। 87 ग्राम पंचायतों में 216 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसमें 6 प्रत्याशियों के नामांकन जांच में त्रुटियां होने से निरस्त किए गए। उन्होंने बताया कि 12 ग्राम पंचायतों में निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हो गए। इन ग्राम पंचायतों से एकल प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें प्रमोद सिलेथ, सरिता देवी गिदरासू, कमल किशोर गुठिड़ा, सोनी देवी मिरचौड़ा, चंद्र प्रकाश खरका, रचना देवी खंडा मल्ला, धर्मानंद लहेड़ा, सत्येंद्र कुमार खुगशा, किरण देवी कुंड, रेनू देवी बुटली, सुनीता रावत आसूई, सरिता देवी नौडियाल गांव शामिल है। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर नगर से संदीप कुमार, मिरचोड़ा से गीता देवी निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। विकासखंड कल्जीखाल में 23 क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों पर 77 प्रत्याशियों नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें 7 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया, जबकि एक प्रत्याक्षी का नामांकन निरस्त किया गया। क्षेत्र पंचायत सीट नगर से अनुजाति पुरूष आरक्षित सीट पर एक ही उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल किया था। क्षेत्र पंचायत मिर्चोडा में अनु जाति महिला आरक्षित पर दो प्रत्याक्षी श्रीमती गीता देवी और इंदु देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इंदु देवी का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। क्षेत्रीय चुनाव अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि इंदु देवी वर्तमान में भोजन माता के पद पर कार्यरत है। जिसे लाभ का पद मानकर उनका नामांकन पत्र निरस्त किया गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य के 21 पदों पर चुनाव होना है। वहीं ग्राम प्रधान में 192 पदों पर चुनाव होना है। जबकि ग्राम पंचायत डांगी पिछड़ी जाति प्रमाण पत्र न होने के कारण किसी ने भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया।

# नाबालिग का किया विवाह, पैसों की डिमांड कर झूठे मुकदमें में फंसाने की दी धमकी



कोतवाली पुलिस हिरासत में आरोपी

**● साजिश के तहत नाबालिग का विवाह करवाकर की गई थी लाखों की डिमांड पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता सहित अन्य लोगों को किया गिरफ्तार**

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** साजिश के तहत अपनी नाबालिग बेटी का विवाह कर लड़के वालों से लाखों की रकम मांगने वाले माता-पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने लड़के व उसकी माता को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि मामले में चार जुलाई को कोटद्वार क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले व्यक्ति की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, जिला बिजनौर, ग्राम शेखूपुरा नवाबाद निवासी नीतू उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई और उसने बेटी का विवाह अपने पुत्र आकाश पाल से करवा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि जांच में सामने आया कि आकाश पाल व नाबालिग के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। आठ मार्च 2025 को नाबालिग स्वयं ही घर से भागकर आकाश के पास चली गई थी। जिसके बाद आकाश की मां नीतू नाबालिग को लेकर कोतवाली कोटद्वार पहुंची और पुलिस के समक्ष पूरी कहानी रखी। पुलिस द्वारा लिए गए बयान में नाबालिग ने स्वयं के साथ किसी भी जबरदस्ती या दुष्कर्म की घटना से इंकार किया। बयान लेने के बाद पुलिस ने नाबालिक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया था। बताया कि कुछ समय बाद नाबालिग के माता-पिता ने अपनी बेटी का विवाह आकाश से करने के लिए उसके परिवार के समक्ष प्रस्ताव रखा। दोनों परिवारों के समझौते के बाद आकाश व नाबालिग का विवाह करवा दिया गया। बताया कि विवाह होने के बाद से ही नाबालिग के माता-पिता आकाश व उसके परिवार को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने लगे। साथ ही परिवार से 18 लाख रुपये की डिमांड की गई। जब, आकाश के परिवार ने अपनी गरीबी का हवाला दिया तो नाबालिग के परिवार ने कोतवाली में झूठी तहरीर दे दी। पुलिस ने मामले में शिवपुर निवासी पूनम देवी, सुभाष के साथ ही उत्तर प्रदेश, जिला बिजनौर, ग्राम शेखूपुरा नवाबाद निवासी आकाश व नीतू को गिरफ्तार किया है।

# कोटद्वार के कमल सिंह रावत होंगे कोच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारतीय स्पेशल ओलंपिक फुटबाल टीम स्वीडन में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित गोथिया कप में प्रतिभाग करेगी। टीम में कोटद्वार निवासी कमल सिंह रावत को कोच नियुक्त किया गया।

अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कमल सिंह रावत वर्तमान में कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के न्यू प्रताप नगर में रहते है। बताया कि कमल सिंह की प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से हुई व अपनी फुटबाल यात्रा उन्होंने कोटद्वार से ही शुरू की। इसके बाद हल्द्वानी स्पोर्ट्स हास्टल में उन्होंने अख्तर अली के सानिध्य में अपने खेल को और भी बेहतर बनाया। अख्तर अली के मार्गदर्शन में कमल सिंह रावत ने अपने खेल में नई ऊंचाइयां हासिल कीं। कमल सिंह रावत ने कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिनमें उत्तराखंड से संतोष ट्राफी और अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्होंने महाराष्ट्र विश्वविद्यालय और मध्य प्रदेश (ग्वालियर) में आयोजित यूनिवर्सिटी गेम्स में भी भाग लिया है और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। भारतीय स्पेशल ओलंपिक भारत फुटबाल टीम 11 जुलाई से 19 जुलाई 2025 तक स्वीडन में आयोजित गोथिया कप में भाग लेगी। कमल सिंह रावत के नेतृत्व में टीम भारत का प्रतिनिधित्व करेगी और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

### जीव विज्ञान से उत्तीर्ण 150 विद्यार्थी बायोटेक से कर रहे बीटेक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जीव विज्ञान से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थी भी बायोटेक से बीटेक में प्रवेश ले सकते हैं। जीबी पंत प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी संस्थान (जीबीपीआईईटी) घुड़दौड़ी पौड़ी में जीव विज्ञान पास आउट छात्रों को बायो टेक कराया जा रहा है। संस्थान में अभी बायोटेक से बीटेक करने वाले 150 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। संस्थान में बायोटेक विशेषज्ञ व शिक्षाविद डॉ. सुरेश फुलारा ने बताया कि जीबीपीआईईटी घुड़दौड़ी में बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया उत्तराखंड तकनीकी विवि द्वारा संचालित काउंसिलिंग के माध्यम से शुरू हो गई है। काउंसिलिंग का तीसरा चरण 21 जुलाई से होगा।

संस्थान के एचओडी ने बताया कि जीव विज्ञान से 12वीं पासआउट विद्यार्थियों व अभिभावक अक्सर जानकारी के अभाव में अपने बच्चों को बीटेक नहीं करवा पा रहे हैं। बताया कि पहाड़ों में मुख्य रूप से जीव विज्ञान उत्तीर्ण छात्रों के समक्ष यह समस्या देखने को मिल रही है।

# आज मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे, एलयूसीसी के पीड़ित




कोटद्वार तहसील परिसर में धरने पर डटे एलयूसीसी ठगी पीड़ित

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** द लोनी अरबन स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट को-आपरेटिब सोसाइटी (एलयूसीसी) कंपनी के निवेशकों ने शनिवार को देहरादून मुख्यमंत्री आवास कूच करने का निर्णय लिया है। कहा कि लगातार आंदोलन के बाद भी पीड़ितों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

शुक्रवार को एलयूसीसी के पीड़ित तहसील परिसर में धरने पर डटे हुए थे। कहा कि कंपनी ने उन्हें निवेश पर बेहतर लाभ देने की बात कही थी। लेकिन, वर्तमान में कंपनी करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गई है। कहा कि वह इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया है। नतीजा, उन्हें धरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कहा कि अपने हक के लिए अब वह मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे। यदि इसके बाद भी रकम वापस नहीं मिली तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, चंद्रकला डोबरियाल, नीतू देवी, सुनील भंडारी आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार।

पत्रांक 1268 / निविदा सूचना / 2025-2026 दिनांक 10/07/2025

## ई- निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद पौड़ी गढ़वाल शाखा कोटद्वार के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव कार्यों हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से ई–निविदा, टू–बिड सिस्टम (तकनीकी एवं कमर्शियल बिड) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना www.uktenders.gov.in पर सांय 17.07.2025 की सांय 05:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | विकास क्षेत्र | योजना का नाम | धरोहर राशि | निविदा का कुल मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | निविदा डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | प्री-बिड मिटिंग की तिथि | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा को खोले जाने की की तिथि एवं समय (तकनीकी निविदा) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 62000.00 | रू0 2500.00 + GST | 17.07.2025 सांय 5.00 बजे से | 20.07.2025 सांय 12.00 बजे से | 28.07.2025 सांय 5.00 बजे तक | 29.07.2025 सांय 5.00 बजे तक | 30.07.2025 सांय 11.00 बजे से | 01 वर्ष | ''D'' या उच्चतर |
| 2 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत 5.0 कि0मी0 पम्पिंग स्टेशन में संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 19000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 3 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत 2.5 कि0मी0 पम्पिंग स्टेशन में संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 19000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 4 | दुगड्डा | रिगड्डी पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 60500.00 | रू0 2500.00 + GST | | | | | | | |
| 5 | दुगड्डा | सनेह पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 46000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 6 | दुगड्डा | हल्दूखाता पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 58500.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 7 | दुगड्डा | मोटाढाक पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 51000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 8 | दुगड्डा | सिगड्डी पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 49000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 9 | दुगड्डा | कोटद्वार सीवरेज योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 27500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी एवं प्राप्त की जा सकती है।

**शर्तें:–**

1– निविदा प्रपत्र का मूल्य (उपरोक्त तालिकानुसार अलग-अलग निविदा हेतु पृथक-पृथक) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के नाम से बनाकर प्रस्तुत करना होगा।

2– निविदा प्रपत्र के साथ 2% घरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/ बी0जी0/एन0एस0सी0 के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के पदनाम से न्यूनतम 90 दिनों हेतु बंधक हो, जमा करानी होगी।

3– निविदादाता द्वारा उक्त वेबसाइट में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र अपलोड करना आवश्यक होगा कि उसके द्वारा जो भी सूचनायें वेबसाइट पर दी गई हैं, वह सत्य हैं।

4– निविदादाता द्वारा उक्त वेबसाइट में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर निविदा दरों की वैधता के सम्बन्ध में हस्ताक्षर कर अपलोड करना होगा।

5– निविदा प्रपत्र हेतु निविदादाता को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (डी0एस0सी0) किसी प्रमाणित / प्राधिकृत संस्था द्वारा निर्गत किया होना आवश्यक है।

6– निम्नलिखित प्रपत्र (प्रपत्र जो वैबसाईट पर निविदा के साथ अपलोड किये गये हैं) मूल रूप में कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार में दिनांक 29.07.2025 सांय 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा किये जाने होंगे।

(i) निविदादाता द्वारा रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जिसमें यह उल्लिखित होगा कि उसके द्वारा जो भी सूचनायें वैबसाईट पर दी गई हैं यह सत्य है।

(ii) निविदादाता द्वारा निविदा दरों की वैधता के सम्बन्ध में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

(iii) निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में।

7– उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर ही अपलोड की जायेगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।

8– किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित हैं।

9- तकनीकी बिड में सफल पाये गये ठेकेदारों के नाम अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर लगायी जायेगी एवं वेबसाईट घर भी अपलोड़ की जायेगी।

9- शेष समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

10– निविदा सम्बन्धी जानकारी हेतु इं0 अभिषेक कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता (मो0 नं0 9412081305), इं0 देवकी नन्दन, सहायक अभियन्ता (मो0 नं0–7060874580) एवं ई0 बृजमोहन रावत (मो0 नं0– 9568704545) से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

**अधिशासी अभियन्ता**

(01087/67)

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गाधार में पुलिस ने पकड़ी 7 पेटी शराब

रुद्रप्रयाग। तल्लानागपुर क्षेत्र में चौकी दुर्गाधार पुलिस ने सड़क किनारे खडे एक वाहन से सात पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन को सीज किया। चारधाम यात्रा एवं निष्पक्ष चुनाव संपंन कराए जाने को लेकर बीती रात में चौकी दुर्गाधार पुलिस को क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चेकिंग के दौरान एक डस्टर कार सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मिली। उक्त वाहन को चैक करने पर उस पर लॉक नहीं लगा था। चाबी गाड़ी में ही लगी थी। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी से 7 पेटी मैकडॉवल्स नम्बर वन मार्का शराब बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब व वाहन को कब्जे में लेकर कोतवाली रुद्रप्रयाग पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई। जबकि शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया। पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध धरपकड़ निरन्तर जारी है।

### 20 हजार रुपये से भरा पर्स महिला को सुरक्षित लौटाया

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय स्थित सब्जी की दुकान में काम कर रहे एक श्रमिक ने ईमानदारी की मिशाल पेश की है। उन्होंने सड़क किनारे गिरे रुपयों से भरे एक पर्स को उक्त महिला तक सुरक्षित पहुंचाने में मदद की। महिला द्वारा उक्त श्रमिक का आभार व्यक्त किया गया। जानकारी के अनुसार एसबीआई के समीप सड़क किनारे एक महिला का पर्स छूट गया। बताया जा रहा है कि पर्स में 20 हजार रुपये थे। महिला अन्यत्र चले गई। इसी बीच सब्जी की दुकान में काम कर रहे एक श्रमिक राकेश की नजर सड़क पर गिरे पर्स पर गई। वह दुकान से मौके पर गया और पर्स को लेकर आ गया। जब काफी देर बार महिला अपने पर्स को खोजते हुए मौके पर पहुंची तो उक्त श्रमिक ने उनसे पूछा कि क्यों परेशान हो। महिला के पर्स खोने की बात पर श्रमिक राकेश ने अपने मालिक हीरा नेगी के पास सुरक्षित दिए पर्स महिला को लौटा दिया। महिला खुशी से फूले नहीं समाई। महिला द्वारा उक्त श्रमिक और दुकानदार का आभार व्यक्त किया गया। इधर, स्थानीय व्यापारी पान सिंह पंवार, हीरा नेगी, बीएस बिष्ट, मनमोहन शुक्ला, शिशुपाल सिंह आदि ने श्रमिक द्वारा दी गई ईमानदारी की मिशाल की प्रशंसा की। कहा कि इसी तरह के लोगों से समाज में ईमानदारी आज भी जिंदा है।

### स्कूलों की स्थिति में सुधार लाने का आह्वान

रुद्रप्रयाग। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा रुद्रप्रयाग में जनपद के संकुल एवं ब्लॉक समन्वयकों की एक दिवसीय संचेतना कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जनपद के समस्त 27 सीआरसी एवं बीआरसी समन्वयकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर विद्यालयों में और परिश्रम कर स्कूलों की स्थिति और बेहतर करने पर चर्चा की गई। कार्यशाला में कक्षा 3 एवं 6 में इस सत्र से लागू नई पाठ्यपुस्तकों, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के परिणामों और इसके कारणों एवं सर्वेक्षण में जनपद के परिणाम (विशेष रूप से कक्षा 3) के अपेक्षित न रहने पर व्यापक चर्चा की गई।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया सी.एस.सी दिवस—2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को आई.आर.डी.टी ऑडिटोरियम, सर्वे चौक, देहरादून में सी.एस.सी (कॉमन सर्विस सेंटर) दिवस—2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने सीएससी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को उरउ वी.एल.ई पुरस्कार से भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी उस परिवर्तन का प्रतीक है, जो देश के कोने—कोने तक पहुंच गया है। यह आम लोगों के विश्वास का केंद्र होने के साथ—साथ लोगों की आकांक्षाओं को भी पूरा करता है। सीएससी के माध्यम से शहरों की सेवाएं एक क्लिक में गांव तक पहुंच रही हैं तथा देश की ग्राम पंचायतें डिजिटल पंचायतें बन रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में सीएससी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी संचालक ग्राम स्तर पर लोगों के जीवन को सरल और सुगम बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएससी संचालक गांव के भविष्य को संवारने का कार्य कर रहे हैं। सीएससी ने डिजिटल सेवाओं को घर—घर तक पहुंचाने के साथ ही समाज में रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। उत्तराखंड राज्य में 13 हजार से अधिक सीएससी संचालित हैं। इनके माध्यम से यूसीसी पंजीकरण, विभिन्न प्रमाण पत्रों और डिजिटल ट्रांजेक्शन जैसे विभिन्न कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में साइंस बेस्ड नॉलेज इकोनॉमी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री धामी ने जन समस्याओं पर की फरियादियों से बात

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने, मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर अपनी समस्या बताने वाले फरियादियों से बातचीत करते हुए अधिकारियों को उन पर उचित कार्रवाही के निर्देश दिए हैं। डोईवाला तहसील के शेरगढ़ निवासी करमचंद ने शिकायत दर्ज कराई थी, कि उनके खेत के लिए आने वाली सिंचाई नहर, टूट गई है, जिस कारण सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने उनसे पूरी समस्या सुनने के बाद, प्रमुख अभियंता सिंचाई विभाग को मामले में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसी तरह मेजर नरेश कुमार सकलानी ने उनकी भूमि पर निजी व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर लघु सिंचाई नहर बनाने की शिकायत दर्ज की गई, जिस पर मुख्यमंत्री धामी ने जिलाधिकारी देहरादून को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। एक अन्य शिकायतकर्ता कैनाल रोड निवासी धीरेंद्र शुक्ला ने बिल्डर के खिलाफ परेशान करने की शिकायत दर्ज कराई है,

# कांग्रेस ने कीरत सिंह को छः साल के लिए किया निष्कासित

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : द्वारीखाल ब्लाक की जिला पंचायत सीट कुल्हाड़ से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के नाम वापस लेने पर कांग्रेस पार्टी ने कार्रवाई कर दी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कीरत सिंह रावत को सतपुली ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष के पद से हटाने के साथ ही उन्हें छः साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। कहा कि पार्टी अभी भी कोई पार्टी समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ किसी भी सीट पर चुनाव लड़ता है तो कांग्रेस पार्टी गाइड लाइन के मुताबिक कार्रवाई अमल में लाएगी।

पार्टी के जिलाध्यक्ष पौड़ी विनोद नेगी ने बताया कि इस सीट पर कांग्रेस ने कीरत सिंह को अपना समर्थन देते हुए मैदान में उतारा था, लेकिन कीरत सिंह ने बिना पार्टी के संज्ञान में लाए ही जिला पंचायत सीट से अपना नाम वापस ले लिया। जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने पर कीरत सिंह रावत को सतपुली ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष के पद से हटाने के साथ ही उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी जिला पंचायत के चुनावों को हर सीट पर मजबूती से लड़ रही है। जिन भी सीट पर पार्टी ने प्रत्याशियों को समर्थन दिया है उन्होंने अपना प्रचार तेज कर दिया है। जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने बताया कि जिला पंचायत की डोभ श्रीकोट सीट से नामांकन करने वाले राजेंद्र सिंह ने अपना नाम कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी शौलजा सिंह के समर्थन में वापस लिया है।

# यमकेश्वर ब्लॉक के एक दर्जन स्कूल और 9 आंगनबाड़ी केंद्र 23 जुलाई तक रहेगें बंद

### कांवड मेले को लेकर बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए लिया फैसला




जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : यमकेश्वर ब्लाक के नीलकंठ कांवड मेले को देखते हुए यात्रा रूट पर पड़ने वाले स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र 12 से 23 जुलाई तक बंद रहेगें। इस अवधि में इन स्कूलों में छुट्टी रहेगी। जिलाधिकारी पौड़ी ने एक दर्जन स्कूल और 9 आंगनबाड़ी को केंद्रों को बंद रखने निर्देश सम्बन्धित अफसरों को दिये है। इसी के साथ ही इस रूट पर पड़ने वाले निजी स्कूलों को भी डीएम ने बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ और बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। डीएम ने संबंधित अफसरों को निर्देश दिए कि यात्रा अवधि के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए और छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिन स्कूलों में उक्त अवधि के दौरान छुट्टी रहेगी उनमें जनता इंटर कॉलेज नीलकंठ, राजकीय इंटर कॉलेज दिउली, गंगाभोगपुर, लक्ष्मणझूला, मोहनचट्टी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नीलकंठ, दिउली, गंगाभोगपुर मल्ला, लक्ष्मणझूला, घट्टूगाड़, रत्त9पानी, राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय घट्टूगाड़ स्कूलों को बंद किया गया है। इसी के साथ ही 9 आंगनबाड़ी केंद्र तोली, कोठार, पुंडरासू, जुड्डा, मराल, जौंक, किरमोला, गंगाभोगपुर-1 और गंगाभोगपुर-3 शामिल है। डीएम ने मुख्य शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि उक्त स्कूलों के नजदीक पड़ने वाले निजी शिक्षण संस्थानों को भी सुरक्षा के दृष्टिगत बंद करवाना सुनिश्चित करें।

### जिला पंचायत सदस्य के 13 प्रत्याशियों ने लिए नाम वापस

चमोली। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शुक्रवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। जनपद में नाम वापसी के अंतिम दिन जिला पंचायत सदस्य पद 7 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया है। जबकि गुरुवार को 6 प्रत्याशियों अपना नाम वापस लिया था। चमोली जनपद में 26 जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए कुल 138 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया था।

जिसके नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान कुल 13 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। जिले में जिला पंचायत के सैंजी, देवर—खडोरा, सलना, जाख, कोठा, कोटी, विनायक और बूरा वार्डों से 1—1 प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लिया है।

# राज्यसभा सांसद ने ली दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक




देहरादून। राज्यसभा सांसद डॉ नरेश बंसल की अध्यक्षता में शुक्रवार को पटेल नगर स्थित बीएसएनएल कार्यालय में दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) की बैठक हुई। जिसमें दूरसंचार से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद डॉ नरेश बंसल ने निर्देश दिए कि हर तीन माह में टीएसी की बैठक रखी जाए। देहरादून, उत्तरकाशी एवं टिहरी जनपद के जन प्रतिनिधियों को भी बैठक में शामिल किया जाए। जन प्रतिनिधियों से फीडबैक और शिकायतें लेकर बैठक से 15 दिन पूर्व ही बैठक का एजेंडा तैयार किया जाए। ताकि इस पर प्रभावी ढंग से चर्चा करते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। सांसद ने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिए किए जनता की शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें। उन्होंने जयतनवाला एवं नारायण वाला क्षेत्र मे बीएसएनएल का टावर लगाने के भी निर्देश दिए। आउटसोर्सिंग माध्यम से कार्यरत कार्मिकों का लंबे समय से भुगतान न किए जाने की शिकायत पर सांसद ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आउटसोर्स माध्यम से कार्यरत कार्मिकों का वेतन, पीएफ भुगतान, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा आदि का शीघ्र सत्यापन और भुगतान करने के निर्देश दिए। सांसद ने बीएसएनएल नेटवर्क की स्पीड ड्रॉप होने पर भी सवाल करें। उन्होंने बीएसएनएल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि दूर संचार व्यवस्था में सुधार लाने के लिए विभिन्न इंडस्ट्रीज से समन्वय बनाते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाए और देहरादून महानगर एवं आसपास क्षेत्रों नेटवर्क की गुणवत्ता में सुधार लाए।

# पंचायत चुनाव के लिए कार्मिकों का दूसरा रेंडमाइजेशन संपन्न

देहरादून। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से पोलिंग कार्मिकों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। दूसरे रेंडमाइजेशन में जिले के 1090 पोलिंग बूथों के लिए 10 प्रतिशत रिजर्व सहित 1208 पोलिंग पार्टियां बनाई गई। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में 05 कार्मिक तैनात रहेंगे। इस प्रकार 1208 पोलिंग पार्टियों के लिए 6040 मतदान कार्मिकों की तैनाती की गई है। पोलिंग पार्टी में द्वितीय मतदान अधिकारी के रूप में महिला कार्मिक तैनात रहेगी। दूसरे रेंडमाइजेशन के बाद पोलिंग पार्टियों को ब्लाक भी आवंटित किए गए है। चकराता ब्लाक में 137 पोलिंग बूथ के लिए रिजर्व सहित 151 पोलिंग पार्टियां बनाई गई है। वहीं कालसी के 130 बूथ के लिए रिजर्व सहित 143, विकासनगर के 242 बूथ के लिए 267, सहसपुर के 247 बूथ के लिए 272, रायपुर के 61 बूथ के लिए 74 और डोईवाला के 273 बूथ के लिए रिजर्व सहित 301 पोलिंग पार्टियां बनाई गई है। पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को विगत 06 व 07 जुलाई को पहला प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जबकि पोलिंग पार्टियों के लिए चयनित सभी 6040 कार्मिकों को आगामी 16 से 21 जुलाई तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीसरे और अंतिम रेंडमाइजेशन में पोलिंग पार्टियों को बूथ आंवटित किए जाएंगे। कार्मिकों के रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रनजीत सिंह चौहान, एडीआईओ अंकुश पांडेय आदि मौजूद थे।

### बीकेटीसी में अनु०जा० की प्रथम सदस्य नीलम पुरी ने महाराज से की शिष्टाचार भेंट

देहरादून। बीरोंखाल गढ़वाल से श्रीबद्रीनाथ श्रीकेदारनाथ मन्दिर समिति में प्रथम बार सदस्य मनोनीत होने पर अनु०जा० की नीलम पुरी ने प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट उनका आभार व्यक्त किया। श्रीबद्रीनाथ श्रीकेदारनाथ मन्दिर समिति में प्रथम बार सदस्य मनोनीत होने पर ग्राम स्यूँसी, बीरोंखाल से अनु०जा० की नीलम पुरी ने प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज से सुभाष रोड़ स्थित उनके कैम्प कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट कर आभार व्यक्त करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम स्यूँसी, बीरोंखाल, गढ़वाल से श्रीबद्रीनाथ श्रीकेदारनाथ मन्दिर समिति में प्रथम बार एक अनु०जा० की नीलम पुरी को सदस्य के रूप में मनोनीत कर सम्मान देना एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि उनके मनोनयन ने उत्तराखण्ड के साथ—साथ पूरे भारत का बढ़ाया है।

# सीडीओ अध्यक्षता में हुई जनपद स्तरीय टास्क फोर्स कार्यशाला



चमोली। खसरा—रूबेला उन्मूलन अभियान 2025 के अंतर्गत जनपद स्तरीय टास्क फोर्स कार्यशाला का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, सभागार गोपेश्वर में आयोजित हुयी। मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनहित से जुड़ा है, अतः इसे गंभीरता से लिया जाए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि खसरा—रूबेला उन्मूलन के लिए विशेष टीकाकरण अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा।जिसमें पहला चरण 21 से 31 जुलाई दूसरा चरण 19 से 29 अगस्त तथा तीसरा चरण 18 से 29 सितंबर 2025 तक होगा,इन तीनों चरणों में ऐसे बच्चों को टीके लगाए जाएंगे जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन, उत्तराखंड (देहरादून) के राज्य सर्विलांस अधिकारी डॉ. विकास शर्मा ने जानकारी दी कि भारत सरकार ने वर्ष 2026 तक खसरा और रूबेला का उन्मूलन सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके अंतर्गत 5 वर्ष तक के ऐसे बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा, जो अभी तक खसरा और रूबेला वैक्सीन से प्रतिरक्षित नहीं हैं। साथ ही, बुखार और लाल चकत्ते वाले लक्षणों वाले संदिग्ध रोगियों की पहचान और उपचार भी किया जाएगा।

# ग्रामीण सड़कें बंद होने से बढ़ी परेशानी

रुद्रप्रयाग। लगातार हो रही बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कें बंद हो रही है जिससे ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर बीमार एवं गर्भवती महिलाओं को भी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अफसरों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बीमार और गर्भवती महिलाओं को किसी भी दशा में सड़क बाधित होने से परेशानी नहीं होनी चाहिए। जनपद में हो रही बारिश से मुख्यालय सहित अगस्त्यमुनि, जखोली और ऊखीमठ ब्लॉक को जोड़ने वाले कई ग्रामीण सड़कें बंद है। लोनिवि रूद्रप्रयाग की 7, लोनिवि ऊखीमठ में 2, पीएमजीएसवाई रूद्रप्रयाग में 8 और पीएमजीएसवाई जखोली में 6 मोटर मार्ग बंद हैं। इससे ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को बंद सड़कों के चलते रोजमर्रा के कार्यो के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। कई बार लोग पैदल चलने को मजबूर हो रहे है। निर्वतमान जिपंस नरेंद्र बिष्ट, संपंन नेगी, नरेंद्र ममगाई आदि ने कहा कि कई जगहों से लोगों को सड़क बंद होने से मरीजों को अस्पताल लाने में परेशानी हो रही है।

# जिलाधिकारी ने पंचायत चुनाव को लेकर ली अधिकारियों की बैठक




चमोली। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने वीसी के माध्यम से जिलाधिकारी वीसी कक्ष में बैठक ली।

बैठक में सभी उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों तथा निर्वाचन में तैनात रिटर्निंग ऑफिसरों एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मतदान दलों को समय पर सुरक्षित रूप से मतदेय स्थलों तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए वर्षा से प्रभावित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण समयबद्ध ढंग से किया जाए और सभी अधिकारी वैकल्पिक मार्गों की जानकारी अपने पास रखें ताकि किसी मार्ग के बाधित होने की स्थिति में तत्काल वैकल्पिक रूट का उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी अपने—अपने क्षेत्र के सभी मार्गों की जानकारी संबंधित पटवारियों के माध्यम से नियमित रूप से लेते रहें और आवश्यकतानुसार भौतिक निरीक्षण भी करें।जिलाधिकारी ने पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि किसी भी आपात स्थिति में सड़कों की मरम्मत एवं सफाई के लिए लगाए गए जेसीबी वाहनों को डीजल की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए। साथ ही एआरटीओ को मतदान दलों के आवागमन हेतु आवश्यक वाहनों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएमजीएसवाई और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मार्गों की मरम्मत, सफाई तथा वैकल्पिक रास्तों को चालू रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे व्यवस्थित, सुरक्षित और समयबद्ध रूप से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### शराब पीकर ट्रक चला रहे चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, वाहन सीज

चमोली। ऑपरेशन लगाम के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कर्णप्रयाग पुलिस ने कार्रवाई की है। गुरुवार रात्रि को कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक को जांच के लिए रोका। वाहन की जांच करने पर 28 वर्षीय चालक नीरज सिंह व उसका साथी 38 वर्षीय अजय खंडूड़ी, निवासीगण ग्राम भलसों, पोस्ट आदिबदरी नशे की हालत में पाए गए। शराब के नशे में वाहन चलाकर दूसरों की जान जोखिम में डालने के अपराध में पुलिस टीम ने चालक को मौके से गिरफ्तार कर दोनों व्यक्तियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में दोनों के शराब पीने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए ट्रक को सीज कर दिया। पुलिस द्वारा चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त करने के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेज दी है। वहीं, अजय खंडूड़ी के विरुद्ध भी पुलिस ऐक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टिटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **निविदा सं0 09/25—26** से **14/25—26** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 04.08.2025 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 05.08.2025 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता,
वि0वि0 खण्ड, कोटद्वार

पत्रांक : 1443/विविखको/टी—6 दिनांक : 11.07.2025

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित **ई—टेन्डर** संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन **16:00** बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 92-DRM-MB-25-26 Date 07.07.2025 | 99-DRM-MB-25-26 Date 09.07.2025 | 100-DRM-MB-25-26 Date 09.07.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Zone - NBD: AWP to NBD (Km. 1407 to 1500) and NBD to KTW (Km. 00 to 24) for service building and residential building for general road wood work under ADEN/NBD. | Zone - GJL-1 : All residential and service building in between GMS-MB (Excluding GMS and MB) including wood, steel and road work under ADEN/GJL. | Zone - GJL-2 : Gajraula to Muzzampur (Excluding between Gajraula and Muzzampur) All service buildings and residential buildings for road and wood work under ADEN/GJL. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 05.08.2025 | 05.08.2025 | 05.08.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत (₹) | 1,34,98,289.57 | 79,79,827.19 | 69,99,948.34 |
| धरोहर राशि (₹) | 2,17,500.00 | 1,59,600.00 | 1,40,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 22.07.2025 | 22.07.2025 | 22.07.2025 |

टेन्डर नं.: Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक: 11.07.2025

2102/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सीएम धामी के नेतृत्व में हरेला पर्व पर रिकॉर्ड बनाएगा उत्तराखंड

देहरादून। इस वर्ष हरेला पर्व पर उत्तराखंड पौधरोपण पर रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। इस दिन पूरे प्रदेश में एक ही दिन में 05 लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। जिसमें से गढ़वाल मंडल में 03 लाख और कुमाऊं मंडल में 02 लाख पौधे रोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए शासन स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस बार हरेला का त्योहार मनाओ, धरती मां का ऋण चुकाओ और एक पेड़—माँ के नाम की थीम पर यह पौधरोपण आयोजित किया जाएगा। पूरे माह इस पर्व के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस पौधरोपण अभियान की सफलता में ग्रामीणों से लेकर स्कूली छात्र और विभिन्न विभागों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुंधाशु की ओर से सभी जिलाधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है। उत्तराखंड में हर साल जुलाई माह में हरेला पर्व का आयोजन किया जाता है। इस बार 16 जुलाई को यह पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व प्रकृति को समर्पित है। ऐसे में इस पर्व पर आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को संपूर्ण प्रदेश में वृहद स्तर पर पौधरोपण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत संपूर्ण प्रदेश में पांच लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इससे पहले जुलाई 2016 में प्रदेश में एक ही दिन में करीब 2 लाख पौधे रोपे गए थे। ऐसे में इस बार यह रिकॉर्ड टूटने जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड प्रकृति के बेहद करीब है। ऐसे में यह हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि पर्यावरण का संरक्षण करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के अनुरूप हरेला पर्व के साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत संपूर्ण प्रदेश में वृहद स्तर पर यह पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, वनों, नदियों, गाड, गदेरों के किनारे, स्कूलों, कॉलेज, विभागीय परिसर, सिटी पार्क, आवासीय परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्रों, विभागीय कर्मियों, एनसीसी, एनएसएस के साथ ही आमजनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के लोक पर्व और लोक संस्कृति को एक नई पहचान मिली है।

### प्रो बौड़ाई बने योजना एवं विकास समिति के अध्यक्ष

नई टिहरी। हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत संरचना की विकास योजनाओं के लिए समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष के रूप में एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के निदेशक प्रो एए बौड़ाई को नामित किया गया है । एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय ने समग्र योजना एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय योजना एवं विकास समिति का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत संरचना की विकास के लिए योजनाएं तैयार करना, उन्हें क्रियान्वित करना एवं उनकी निगरानी करना है। समिति के अध्यक्ष के रूप में परिसर बादशाहीथौल के निदेशक प्रो एए बौड़ाई को नामित किया गया है।

### कर्णप्रयाग क्षेत्र में तीन स्थानों पर पार्किंग निर्माण हेतु भूमि चिन्हित

चमोली। कर्णप्रयाग क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पार्किंग की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रम में तीन स्थानों पर तहसील प्रशासन द्वारा पार्किंग निर्माण हेतु भूमि चिन्हित की गई है। चिन्हित स्थानों का विवरण इस प्रकार है, पहला स्थान कर्णप्रयाग नगर में कर्ण मंदिर के सामने बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी ग्राम भेड़गांव (तहसील कर्णप्रयाग) की भूमि को पार्किंग निर्माण के लिए प्रस्तावित किया गया है। दूसरा पार्किंग स्थान सिमली मोटर मार्ग के पास कर्णप्रयाग—ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी ग्राम पीपलसेरा (राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र सिमली) की भूमि पार्किंग निर्माण हेतु चिन्हित की गई है,और तीसरी पार्किंग के लिए कनखुल टैक्सी स्टैंड के निकट, ऋषिकेश—कर्णप्रयाग—बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी ग्राम कर्णप्रयाग (तहसील कर्णप्रयाग) की भूमि बहुमंजिला पार्किंग निर्माण के लिए चिन्हित की गयी है,

**जयन्त**

संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com